Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Sports Committee

PPU Inter College Kho-Kho (Female) Tournament

1.12.2022

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का अंतर महाविद्यालय महिला खो –खो प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन बृहस्पतिवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज के खेल परिसर में संपन्न हुआ. पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल हो या संस्कृति का क्षेत्र , ग्लोबल मार्केट में कोई तब तक नहीं टिक सकता , जब तक कि छात्र खेल भावना , संस्कृति और अतिरिक्त पाठ्य- गतिविधियों के मेल से अपने संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास ना करें. उन्होंने कहा कि आज जीवन में खेल स्पर्द्धा के साथ –साथ ज्ञान और संस्कृतिकर्म को भी विकसित करने की जरूरत है . कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास में विश्वविद्यालय स्तर से कोई कमी नहीं आने दी जाएगी लेकिन जीवन में ईमानदारी और समर्पण भाव का होना बहुत जरूरी है . आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने कहा कि जीवन में खेल भावना से ही महत्तम सफलता पाई जा सकती है और हमारे कॉलेज में खेल के विकास के लिए हर जरूरी कार्य किया जा रहा है . उन्होंने कुलपति के प्रति आभार जताया कि अंतर महाविद्यालय महिला खो –खो प्रतियोगिता के आयोजन का अवसर श्री अरविंद महिला कॉलेज को दिया गया. उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों को भी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया . इस अवसर पर खेल प्रभारी प्रो . अंजलि प्रसाद सहित प्रो . शिवनारायण, प्रो. योगेंद्र कुमार, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. साधना ठाकुर, डॉ. विमी सिंह आदि अध्यापकों ने भी अपना विशेष सहयोग दिया . संचालन डॉ प्रभा मिश्रा ने किया.

विश्वविद्यालय के 4 महाविद्यालयों ए. एन. कॉलेज, जे. डी. वीमेंस कॉलेज, मालतीधारी कॉलेज तथा श्री अरविंद महिला कॉलेज की खो खो टीम ने प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज की. सेमीफाइनल के प्रथम राउंड में ए. एन. कॉलेज के साथ जे. डी. वीमेंस कॉलेज तथा एमडी कॉलेज के साथ श्री अरविंद महिला कॉलेज की स्पर्द्धा हुई जिसमें ए. एन. कॉलेज के 15 पॉइंट के विरुद्ध जे. डी. वीमेंस कॉलेज 16 पॉइंट हासिल कर 1 पॉइंट से जीत दर्ज की , तो एम. डी. कॉलेज के 4 पॉइंट के विरुद्ध श्री अरविंद महिला कॉलेज ने 8 बना कर 4 पॉइंटपॉइंट से जीत दर्ज की. फाइनल राउंड में जे. डी. वीमेंस कॉलेज और श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम आमने सामने थी. जे. डी. वीमेंस कॉलेज टीम के 6 पॉइंट के विरुद्ध श्री अरविंद महिला कॉलेज टीम ने 23 पॉइंट लेकर 17 पॉइंट से जीत दर्ज की . श्री अरविंद महिला कॉलेज को टूर्नामेंट में प्रथम स्थान आने पर विजेता टीम होने का गौरव हासिल हुआ . विजेता और उपविजेता टीम को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया गया.

संपूर्ण विकास में ईमानदारी और समर्पण भाव का होना बेहद जरूरी : कुलपति

कुलपति ने किया दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन

जासं, पटना : पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता अरविंद महिला कालेज, पटना में शुरू हुई। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल हो या संस्कृति का क्षेत्र, ग्लोबल मार्केट में कोई तब तक नहीं टिक सकता, जब तक कि छात्र खेल भावना, संस्कृति और अतिरिक्त पाठ्य- गतिविधियों के मेल से अपने संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास ना करें। आज जीवन में खेल स्पर्द्धा के साथ-साथ ज्ञान और संस्कृति कर्म को भी विकसित करने की जरूरत है। कुलपति ने कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास में विश्वविद्यालय स्तर से कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, लेकिन जीवन में ईमानदारी और समर्पण भाव का होना बहुत जरूरी है। अतिथियों का स्वागत कालेज की प्राचार्य प्रो. पूनम ने किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी प्रो. अंजलि प्रसाद सहित प्रो. शिवनारायण, प्रो. योगेंद्र कुमार, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. साधना ठाकुर, डा. विमी सिंह मौजूद थीं। संचालन डा. प्रभा मिश्रा ने किया। विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालयों एएन कालेज, जेडी वीमेंस कालेज, मालती धारी कालेज तथा अरविंद महिला कालेज की खो-खो टीम ने प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज की।

समारोह को संबोधित करते पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . आरके सिंह। ● सौ : कालेज

विद्यार्थी के हित में ही जल्द लिया जाएगा निर्णय

जासं, पटना : बिहार इंस्टीट्यूट आफ ला और आरपीएस ला कालेज के दर्जनों छात्रों ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के आइसा को-आर्डिनेटर रवि रंजन तिवारी के नेतृत्व में पाटलिपुत्र विवि के कुलपति का घेराव किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि बीए-एलएलबी और एलएलबी के रिजल्ट में काफी गड़बड़ी है। कुलपति को पत्र देकर परिणाम में सुधार करने की मांग की। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि जो बच्चे फेल हो गए उनके लिए विशेष परीक्षा या ग्रेस मार्क्स दिया जाएगा।

खो-खो प्रतियोगिता में अरविंद महिला कॉलेज हुआ विजयी

पटना. पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज के खेल परिसर में किया गया. कुलपति प्रो आरके सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. फाइनल राउंड में जेडी वीमेंस कॉलेज और श्रीअरविंद महिला कॉलेज की टीम आमने-सामने थी. जेडी वीमेंस कॉलेज टीम के 6 प्वाइंट्स के विरुद्ध श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम ने 23 प्वाइंट्स लेकर 17 प्वाइंट्स से जीत दर्ज की.

प्रभात खबर

Fri, 02
https:/,